राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर

क्रमांकःप.14(66)(1)RSSB / अर्थना / मा.शि.वि. / पीटीआई ग्रेड–III / पा.जां / 2018 / 1530 दिनांक : 17/12/2019

कार्यालय आदेश

पीटीआई ग्रेड–III सीधी भर्ती परीक्षा–2018 के गैर–अनुसूचित क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अनुपस्थित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच व दस्तावेज सत्यापन हेतु अंतिम अवसर देने के संबंध में।

पीटीआई ग्रेड–III सीधी भर्ती परीक्षा–2018 परिणाम के बाद पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु पूर्व में सूचीबद्ध किये गये अभ्यर्थियों में से गैर–अनुसूचित क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी कट–ऑफ मार्क्स तक उपलब्ध नहीं रहने से नीचे से उक्त श्रेणियों के अभ्यर्थियों को वरीयता क्रम से पूर्णतया अस्थाई एवं अनन्तिम (Purely Provisional) रूप से पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध कर पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन करवाने हेतु दिनांक 21.11.2019 से 22.11.2019 तक, दिनांक 25.11.2019 से 26.11.2019 एवं दिनांक 16.12.2019 से 17.12.2019 तक स्थान राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, दुर्गापुरा, जयपुर नियत किया गया था। परन्तु इस अवधि में पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध अभ्यर्थियों में से काफी संख्या में अनुपस्थित रहने के कारण व कट ऑफ मार्क्स तक इस श्रेणी के पदों को भरने हेतु उक्त अवधि में इस श्रेणी के अभ्यर्थियों के उक्त प्रयोजनार्थ अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों व इससे पूर्व में दिये गये अवसरों में भी अनुपस्थित रहे उक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर दिये जाने का निश्चय किया गया है।

अतः दिनांक 21.11.2019 से 22.11.2019 तक, दिनांक 25.11.2019 से 26.11.2019 एवं दिनांक 16.12.2019 से 17.12.2019 तक के दौरान अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों व इससे पूर्व में दिये गये अवसरों में भी अनुपस्थित रहे गैर अनुसूचित क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को अंतिम **रूप से सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 24.12.2019 को स्थान राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर पर प्रातः 11.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन करवा सकेगें।** इस हेतु बाद में पुनः अवसर दिया जाना संभव नहीं होगा। पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिये बोर्ड की वेबसाईट http://www.rsmssb.rajasthan.gov.in का अवलोकन करें।

(डॉ. मुकुट बी. जांगिड़)
सचिव